प्रो० अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2021/5139 दिनांकः 23 अक्टूबर, 2021

सेवा में,
निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तरप्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः कोविड-19 महामारी, स्वास्थ, तकनीकी अथवा अन्य कारणों से सत्र 2020-21 के सम सेमेस्टर (स्नातक/परास्नातक) के ऑन-लाइन प्रयोगात्मक परीक्षाएं में प्रतिभाग न कर पाने वाले छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा/प्रोजेक्ट आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कोविड-19 महामारी, स्वास्थ, तकनीकी अथवा अन्य कारणों से सत्र 2020-21 के सम सेमेस्टर (स्नातक/परास्नातक) के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं में प्रतिभाग न कर पाने वाले छात्र/छात्राओं की **लेफ्ट ओवर ऑन-लाइन** परीक्षायें **ऑन-लाइन मोड** में आयोजित कराई जा रही है।

उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा/प्रोजेक्ट इत्यादि ऑन-लाइन के माध्यम से **दिनांक 23.10.2021 से दिनांक 30.10.2021 (आगामी दीक्षांत समारोह एवं आगामी सत्र के पठन-पाठन के दृष्टिगत तिथि विस्तारित किया जाना सम्भव नहीं होगा)** के मध्य आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। प्रयोगात्मक परीक्षा/प्रोजेक्ट परीक्षा हेतु परीक्षकों की डयूटी सम्बन्धित संस्थान द्वारा लॉगिन में किये गये अनुरोध के आधार पर ही विश्वविद्यालय की स्वीकृति के उपरान्त ही तैनात किया जायेगा तथा साथ ही संबंधित शिक्षकों के लॉगिन में अपलोड हो जायेगी। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि प्रयोगात्मक परीक्षा/प्रोजेक्ट इत्यादि के अंको को पूर्व की भांति ई0आर0पी0 पर ऑन-लाइन अपलोड कराना अनिवार्य है तथा प्राप्तांकों की हस्ताक्षरित हार्ड कापी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान अध्ययनरत के छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए ससमय आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करे।

भवदीय

Anurag Tripathi
23/10/21

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
7. विधि अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
8. सुश्री सादिका कौसर, प्रोग्रामर, सी0ए0एस0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य के साथ प्रेषित कि वह ई0आर0पी0 पर उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करें।
9. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक